भारत सरकार

कौशल विकास और उद्‌यमशीलता मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 3507

उत्तर देने की तारीख 15 जुलाई, 2019

सोमवार, 24 आषाढ़, 1941 (शक)

ग्रामीण युवाओं का कौशल विकास

†3507. श्री भागीरथ चौधरी:

क्या कौशल विकास और उद्‌यमिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में अकुशल युवा पुरुषों और महिलाओं की संख्या का राजस्थान सहित राज्य-वार, पृथक-पृथक ब्यौरा क्या है; और

(ख) विशेष रूप से राजस्थान में ग्रामीण युवा पुरुषों और महिलाओं की संख्या जिन्हें वर्ष 2017-2018 में कौशल प्रशिक्षण प्रदान करने के बाद नौकरी दी गई है?

उत्तर

कौशल विकास और उद्‌यमशीलता मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री आर. के. सिंह)

(क) और (ख) कुशल भारत मिशन के तहत कौशल विकास और उद्‌यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) अखिल भारतीय आधार पर शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में अल्पावधि तथा दीर्घावधि कार्यक्रम के माध्यम से युवाओं को रोजगारपरक कौशल उपलब्ध कराने की स्कीमों का कार्यान्वयन कर रहा है। एमएसडीई द्‌वारा कार्यान्वित प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाई) 2.0 (2016-20) राजस्थान सहित पूरे देश के युवाओं अल्पावधि प्रशिक्षण उपलब्ध कराती है। पीएमकेवीवाई के घटकों अर्थात अल्पावधि प्रशिक्षण, विशेष परियोजना तथा पूर्व शिक्षण मान्यता के अंतर्गत प्रशिक्षित 1,84,839 व्यक्तियों में से 46,171 व्यक्तियों को नियुक्ति प्राप्त हुई है, जिनमें से वित्त-वर्ष 2017-18 के दौरान प्रशिक्षण के बाद नियुक्ति पाने वालों में 20,735 महिलाएं तथा 25,436 पुरूष राजस्थान के हैं। एमएसडीई देश में अकुशल युवा पुरूषों और महिलाओं के आंकड़े अलग से नहीं रखता है।

****